# अमृत 2 .0 से बदलेगा शहर का जल परिदृश्य : कैलाश

## जिगनहट जल परियोजना 41 .37 करोड़ के निर्माण का शुभारंभ प्रभारी मंत्री ने किया





नवभारत न्यूज

**सतना 8 अप्रैल मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सतना जिले के जिगनहट क्षेत्र में 41.37 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जा रही अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर निगम सतना की जल प्रदाय परियोजना निर्माण का शुभारंभ किया।**

यह परियोजना फिल्टर प्लांट, एनीकट निर्माण एवं व्यापक पाइपलाइन नेटवर्क के माध्यम से सतना शहर के 13 वार्डों में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। इस दौरान आधुनिक तकनीक आधारित फिल्टर प्लांट स्थापित किया जाएगा। एनीकट निर्माण से जल संरक्षण और संग्रहण क्षमता बढ़ेगी। प्रभारी मंत्री ने एनीकेट को सदानीरा वाटर वाडी के रूप में तैयार कर इसे पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किये जाने का सुझाव दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतना सांसद गणेश सिंह ने की। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अमृत 2.0 मिशन के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और सरकार इसे सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिगनहट में शुरू हुई यह 41.37 करोड़ की जल प्रदाय परियोजना सतना शहर के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। अमृत 2.0 योजना के माध्यम से शहर में जल प्रबंधन की नई तस्वीर उभरेगी, जिससे आने वाले वर्षों में नागरिकों को स्थायी और बेहतर जीवन सुविधाएं मिल सकेंगी। यह परियोजना न केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करेगी, सांसद गणेश सिंह ने कहा कि अमृत 2 के तहत यह परियोजना वर्ष 2027 में पूरी होगी और इसके माध्यम से 12 एमएलडी पानी संग्रहित कर 13 वार्डों में स्वच्छता जल आपूर्ति की जायेगी। उन्होंने कहा कि सतना जिले में सतना और टमस नदी पर दो एनीकट हो जाने से आगामी भविष्य के लिए भी सतना शहर को पानी की आपूर्ति हमेशा बनी रहेगी। सांसद ने कहा कि सतना जिले की दोनों नदियां गंगा में जाकर मिलती है।

महापौर योगेश ताम्रकार ने परियोजना कार्य की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्तमान में सतना शहर को 58 एमएलडी पानी की आवश्यकता एनीकट से पूरी हो रही है और नगर निगम को वर्ष 2045 की आवश्यकता अनुसार 70 एमएलडी पानी की सुगम आपूर्ति दोनों एनीकेट के माध्यम से हो सकेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत एक बडा एनीकेट जल सोधन संयत्र 10 किमी की पाइपलाइन और 3 ओव्हर हेड टैंक बनाये जायेंगे।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में विधायक चित्रकूट सुरेंद्र सिंह गहरवार, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पांडेय, उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह, नगर निगम स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, राजाराम त्रिपाठी, पूर्व स्पीकर अनिल जायसवाल, बाला यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष निरंजन प्रजापति, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, डीएफओ मयंक चांदीवाल, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, एसडीएम उचेहरा सुमेश द्विवेदी, सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह, टीआई राघवेन्द्र द्विवेदी सहित बालेन्द्र गौतम अन्य जनप्रतिनिधि तथा बडी संख्या में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बदले गए थाना प्रभारी

## सिटी कोतवाली की कमान महिला निरीक्षक को

नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, जिले की कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने एवं प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिले के 8 थाना प्रभारी इधर से उधर किये गये है.**

शहर के दो थाना प्रभारियों को देहात भेजा गया है. वही देहात के थाना प्रभारी को शहर की कमान सौपी गई है. पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान द्वारा बुधवार को जारी किये गये स्थानान्तरण आदेश में चोरहटा थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष मिश्रा को सेमरिया का थाना प्रभारी बनाया गया है. वही निरीक्षक निशा मिश्रा जो कि थाना प्रभारी अजाक थी उन्हे सिटी कोतवाली थाने की कमान सौपी गई है. पहली बार है जब किसी महिला को सिटी कोतवाली का थाना प्रभारी बनाया गया है. श्रृंगेश सिंह राजपूत को सिटी कोतवाली से हटाकर बैकुण्ठपुर थाना में पदस्थ किया गया है. सोहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला को चोरहटा थाने की कमान सौपी गई है. जबकि जवा थाना प्रभारी कमलेश साहू को थाना सोहागी का प्रभार दिया गया है. उपनिरीक्षक घनश्याम मिश्रा को नौवस्ता चौकी का प्रभारी बनाया गया है और प्रशांत शुक्ला को चौकी प्रभारी लालगांव नियुक्त किया गया है. उप निरीक्षक राजभान सिंह को चौकी प्रभारी लालगांव से हटाकर थाना सेमरिया पदस्थ किया गया है.

### जमीन विवाद को लेकर मारपीट

**रीवा.** शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत जयस्तंभ चौक के समीप मोटर मैकेनिक लाइन में बीती शाम हुई मारपीट का वीडियो वायरल हुआ है. बताया गया है कि यह मारपीट जमीन में कब्जे को लेकर हुई है इस दौरान लाठी डंडे चले हैं. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक रीवा शहर की जय स्तंभ चौक के समीप मोटर मैकेनिक लाइन में गुप्ता परिवार के बीच जमीनी विवाद चल रहा है. जिसको लेकर बीती शाम दोनों पक्ष एकत्रित हुए और कहा सुनी के बाद मारपीट होने लगी. बताया गया है कि इस विवादित भूमि में कब्जे को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है इसके बाद यहां मारपीट की स्थिति निर्मित हुई है जिसका वीडियो सोशल साइट पर वायरल हो रहा है.

# पनवार हवाई पट्टी के सुदृढ़ीकरण का तकनीकी निरीक्षण

## एयर एंबुलेंस सुविधा होगी सुदृढ़



नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 अप्रैल. पनवार हवाई पट्टी के सुदृ?ीकरण एवं उन्नयन को लेकर आज तकनीकी टीम द्वारा निरीक्षण एवं अवलोकन किया गया। इस दौरान हवाई पट्टी की वर्तमान स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक मरम्मत एवं सुधार कार्यों का विस्तृत परीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान हवाई पट्टी को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं उपयोगी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए गए। विशेष रूप से आपातकालीन परिस्थितियों में एयर एंबुलेंस सेवा के प्रभावी संचालन को ध्यान में रखते हुए आधारभूत संरचना को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

**मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कार्यवाही**–मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में हवाई पट्टियों के विकास एवं उन्नयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश नागर विमानन नीति 2025 के तहत हवाई पट्टियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप विकसित करने की दिशा में कार्य किए जा रहे हैं, जिससे औद्योगिक, पर्यटन एवं स्वास्थ्य सेवाओं को ब?ावा मिल सके इसी क्रम में पनवार हवाई पट्टी के सुदृ?ीकरण, सुरक्षा व्यवस्था के उन्नयन एवं आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार कर चरणबद्ध तरीके से क्रियान्वयन किया जाएगा।

### स्थल का किया गया विस्तृत अवलोकन

निरीक्षण में प्रीतिश यादव सहायक महाप्रबंधक प्रचालन, गौरव मिश्रा सहायक महाप्रबंधक सीएनएस, सचिन भाटी प्रबंधक एटीसी एवं प्रमोद वैकुंठराव खरो? प्रबंधक अग्निशमन सहित तकनीकी टीम ने स्थल का विस्तृत अवलोकन किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रिया पाठक, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, नायब तहसीलदार एकता शुक्ला, ईई पीडब्ल्यूडी अनामिका सिंह, एसडीओ पीडब्ल्यूडी स्तुति गौतम, उपयंत्री बाबूलाल गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे

# मासूम बेटी के सामने पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

## उपचार के दौरान अस्पताल में हुई मौत, आरोपी पति फरार



नवभारत न्यूज

**रीवा, 8 अप्रैल, रीवा जिले के ग्राम सगरा में मानवता को झगझोर देने वाला एक मामला सामने आया है. यहां नशे में धुत पति ने पत्नी पर चाकू और हासिए से हमला कर मौत के घाट उतार दिया. वारदात के बाद आरोपी पति फरार हो गया है.**

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महिला के शव को पीएम के लिए अस्पताल में भिजवाया और आरोपी पति की तलाश शुरू कर दी है. इस पूरी वारदात की चश्मदीन आरोपी और मृतका की मासूम बेटी है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है. घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम सगरा निवासी शिखा मिश्रा की शादी तकरीबन 11 वर्ष पूर्व दीपक मिश्रा से हुई थी. बताया गया है कि दीपक नशे का आदी था जिसके चलते अक्सर दोनों के बीच में विवाद हुआ करता था. बीती रात आरोपी दीपक ने नशे की हालत में पत्नी शिखा के ऊपर पहले चाकू और उसके बाद हसिया से हमला कर दिया. आरोपी द्वारा किए गए ताबड़तोड़ वार से शिखा गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे तत्काल उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई.

### बेटी ने पुलिस को बताया घटनाक्रम

बताया गया है की घटना के दौरान मृतिका की बड़ी बेटी पिता के द्वारा किए गए मां के ऊपर हमले को देखते रही जिसने पुलिस के सामने घटना के संबंध में बताया है. वारदात के बाद आरोपी पति दीपक फरार है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है. सागर थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा ने बताया कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा महिला के शव का पीएम करा परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा.

# निरीक्षक कपूर त्रिपाठी की अंतरिम राहत जारी

## एसडीओपी ने हाई कोर्ट में प्रस्तुत किए स्थापना बोर्ड की रिपोर्ट

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 अप्रैल। मोरवा थाना प्रभारी के स्थानांतरण से जुड़े मामले में म.प्र. हाईकोर्ट में आज बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान प्रकरण की अगली तारीख 16 अप्रैल को निर्धारित की गई है। तब तक पूर्व में दी गई अंतरिम राहत यथावत रहेगी।**

सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से एसडीओपी मोरवा गौरव पाण्डेय ने स्टे वेकेट आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें ट्रांसफर से जुड़े दस्तावेज, पुलिस स्थापना बोर्ड की रिपोर्ट और स्थानांतरण के कारण भी पेश किए गए। जानकारी अनुसार राज्य की ओर से तर्क दिया गया कि स्थानांतरण पीईबी की अनुशंसा के आधार पर किया गया है और यह पूरी तरह से उचित है, इसलिए स्टे हटाया जाना चाहिए। वहीं याचिकाकर्ता कपूर त्रिपाठी की ओर से सीनियर एडवोकेट केसी घिल्डियाल, अधिवक्ता ब्रमेंद्र प्रसाद पाठक एवं आतिश यादव उपस्थित रहे। उन्होंने न्यायालय के समक्ष कहा कि उन्हें राज्य पक्ष द्वारा दायर जवाब की प्रति अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। साथ ही उन्होंने यह भी निवेदन किया कि जवाब मिलने के बाद वे अपना री-जॉइंडर प्रस्तुत करना चाहेंगे। न्यायालय ने राज्य पक्ष को जवाब की प्रति उपलब्ध कराने के निर्देश दिए और याचिकाकर्ता को अगली सुनवाई तक री-जॉइंडर दाखिल करने की अनुमति दी है। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी।


**एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(एक मिनिरत्न कम्पनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक सहायक कम्पणी)

**संक्षिप्त रोजगार सूचना/विज्ञापन**

कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत के योग्य नागरिकों से विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करती है। इन पदों में विभिन्न श्रेणियों के HEMM ऑपरेटर (ट्रेनी), अलग-अलग वर्गों के पैरामेडिकल स्टाफ और ओवरसियर (सिविल) शामिल हैं। इन पदों पर चयनित उम्मीदवारों को मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले और उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में स्थित NCL की खदानों, प्रतिष्ठानों, अस्पतालों और औषधालयों में तैनात किया जाएगा।

**कुल रिक्तियों की संख्या:**

| क्र.स. | पद का नाम | कुल रिक्तियां |
|---|---|---|
| 1 | डम्पर ऑपरेटर (प्रशिक्षु) | 308 |
| 2 | ग्रेडर ऑपरेटर (प्रशिक्षु) | 34 |
| 3 | डोज़र ऑपरेटर (प्रशिक्षु) | 52 |
| 4 | क्रेन ऑपरेटर (प्रशिक्षु) | 17 |
| 5 | पेलोडर ऑपरेटर (प्रशिक्षु) | 18 |
| 6 | सरफेस माइनर ऑपरेटर (प्रशिक्षु) | 43 |
| 7 | स्टाफ नर्स (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-सी | 47 |
| 8 | फार्मासिस्ट (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-सी | 4 |
| 9 | तकनीशियन (पैथोलॉजिकल) (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-सी | 12 |
| 10 | तकनीशियन (दंत) (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-डी | 2 |
| 11 | फिजियोथेरेपिस्ट (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-सी | 4 |
| 12 | टेक्नीशियन (रिफ्रैक्शन/ऑप्टोमेट्री) (ट्रेनी), टी एंड एस ग्रेड-डी | 1 |
| 13 | तकनीशियन (रेडियोग्राफर) (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-सी | 3 |
| 14 | जूनियर तकनीशियन (ईसीजी) (प्रशिक्षु) टी एंड एस ग्रेड-डी | 2 |
| 15 | ओवरसियर (सिविल), टी एंड एस ग्रेड सी | 30 |
| कुल | | 577 |

महत्वपूर्ण तिथियों, ऑनलाइन आवेदन और पात्रता मानदंड, अधिकतम आयु सीमा, आवेदन शुल्क, आरक्षण और छूट, आवेदन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया आदि के संबंध में पूर्ण जानकारी के लिए विस्तृत रोजगार सूचना/विज्ञापन संख्या 125 दिनांक: 06.04.2026 का संदर्भ लें जो एनसीएल की आधिकारिक वेबसाइट https://www.nclcil.in पर उपलब्ध है।

इस भर्ती से संबंधित किसी भी संशोधन / परिवर्तन की सूचना केवल एनसीएल की वेबसाइट पर दी जाएगी।

(R-04) **महाप्रबंधक (मानव संसाधन/ भर्ती)**


# युवक की मौत पर गुस्साए ग्रामीणों ने शव रखकर सड़क किया जाम

▸ एसडीओपी, तहसीलदार के हस्तक्षेप के बाद आधी रात को शांत हुआ हंगामा

नवभारत न्यूज

**सरई 8 अप्रैल। सरई नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 5 में नाली निर्माण कार्य के दौरान एक युवक पर मिक्सर मशीन वाहन के साथ चढ़ा देने के कारण घायल युवक की मौत हो गई थी। इस घटना से गुस्साए लोगों ने मृतक के शव को सड़क पर रख जाम लगा दिया था, तहसीलदार एवं एसडीओपी एवं टीआई के हस्तक्षेप पर आधी रात करीब 2 बजे मामला शांत हुआ।**

वार्ड क्रमांक 5 में चल रहे नाली निर्माण कार्य के दौरान मिक्सर वाहन चालक ने युवक राजेश मिश्रा के ऊपर चढ़ा दिया था। जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

इस घटना पर गुस्साए मृतक के परिजन एवं बाजार के रहवासियों ने शव को थाने के सामने रखकर जाम शुरू कर दिया था। उनकी मांग थी कि ठेकेदार, सीएमओ, वाहन चालक पर हत्या का मामला दर्ज हो और मृतक के परिजनों को नगर परिषद में नौकरी मिले एवं मुआवजा दिया जाए। रात करीब 1:30 बजे तहसीलदार, एसडीओपी से आईटीआई बैठकर मृतक के परिजनों को तत्काल 1 लाख रूपये की सहायता राशि एवं नगर परिषद में मृतक राजेश की पत्नी को नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ।

# शॉर्ट सर्किट से खेत में लगी आग, फसल खाक

## सेमरिया के पोड़ी गांव में हुई घटना



नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 अप्रैल. जिले के सेमरिया थानांतर्गत पोंड़ी गांव में खेत के ऊपर से गुजरी विद्युत लाइन में सार्थ सर्किट होने से खड़ी फसल में आग लग गई और कुछ समय के अंदर ही फसल जलकर खाक हो गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पोंड़ी निवासी किसान शिवेन्द्र प्रसाद मिश्रा के आराजी खसरा क्रमांक 530 स्थित खेत के ऊपर से गुजरी हुई विद्युत लाइन में 7 अप्रैल की रात्रि करीब 8:30 बजे शार्ट सर्किट हुआ। शार्ट सर्किट के चलते आग की चिंगारी खेत में खड़ी गेंहू की फसल के ऊपर पड़ी और आग भड?गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक नुकसान हो चुका था। पीड़ित किसान के अनुसार इस घटना में आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान ने संबंधित विभाग से मामले की जांच कर उचित मुआवजा एवं कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस थाना सेमरिया में इस संबंध में आवेदन दिया गया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।

### पानी की टंकी में डूबी डेढ़ साल की बच्ची

**सिंगरौली** चितरंगी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गीर में आज बुधवार की दोपहर एक दर्दनाक घटना ने सब के दिल को झकझोर दिया है। हुआ यूं कि एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची खेलते समय स्टील के टंकी की पानी में चली गई और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम गीर निवासी बुद्धिमान सिंह गोड़ अपने पत्नी के साथ घर से करीब 1 किलोमीटर दूर महुआ बिनने गये हुये थे। डेढ़ साल की मासूम बच्ची सीमा को घर में छोड़ कर गये थे और आगन में स्टील पानी की टंकी रखा था, जहां टंकी पानी से फूल था। जहां खेलते समय सीमा टंकी में चली गई और पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई।

# बिजली स्टेशन में घुसे जंगली सेही को वन टीम ने किया रेस्क्यू

## केबल काटने से कई गांवों की बिजली सप्लाई हो रही थी बंद



नवभारत न्यूज

**सीधी, 8 अप्रैल. शहर के समीपी सुकवारी गांव में बने 220 केवी बिजली स्टेशन में जंगली साही के जोड़े के और लगातार के बिल काटने से कई गांवों की बिजली सप्लाई बंद हो रही थी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर नर और मादा साही का रेस्क्यू कर जंगल में सुरक्षित छोड़ा।**

पिछले 10 दिनों से साही के जोड़े ने बिजली स्टेशन को अपना ठिकाना बना लिया था, जिसकी वजह से पूरे इलाके की बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई थी। उक्त जंगली जानवरों ने स्टेशन के अंदर करीब 12 से ज्यादा बिजली के केबलों को अपने दांतों से कुतर दिया। लिहाजा कई गांवों में अंधेरा छा गया। बिजली कंपनी के कर्मचारी जब भी मरम्मत करने की कोशिश करते, साही उन पर अपने नुकीले कांटों से हमला कर देते थे। कई बार तार जोड़ने के बाद भी साही उन्हें फिर से काट देते थे, जिससे कर्मचारी और ग्रामीण दोनों परेशान थे।

**दो घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन**–बुधवार सुबह जब इसकी खबर वन विभाग को मिली तो वनपाल पंकज मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। करीब 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों साही को सुरक्षित पकड़ लिया गया। टीम ने उन्हें रेस्क्यू करने के बाद पास के जंगल में ले जाकर छोड़ दिया, जिसके बाद बिजली सुधार का काम तेजी से शुरू हो सका।

### गर्मी में भटककर आए आबादी की ओर

वनपाल पंकज मिश्रा ने बताया कि साही वैसे तो शांत रहते हैं, लेकिन गर्मी के दिनों में खाने और पानी की तलाश में वे अक्सर रिहायशी इलाकों की तरफ आ जाते हैं। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि साही से हमेशा दूरी बनाकर रखनी चाहिए, क्योंकि खतरा महसूस होने पर वे अपने शरीर के कांटों से हमला कर सकते हैं जो काफी खतरनाक साबित होता है।


**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online percentage rate for the following works are invited from Reputed firm/agency/ manufacturers fullfilling registration criteria :-

| S. No. | System E-Tender No. | Tender Name | PAC | EMD | Cost of Form | Com-pletion Period | Key Dates of Tender Purchase & Bid Submission | Tender Open Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_ MPHID_ 498465 | Construction of Sports Complex at Waidhan Distt. Singrauli (M.P.). | Rs. 912.99 Lakh | Rs. 9,12,990/- | Rs. 23600/- (i/c GST) | 12 Month (Twelve Month I/c Raining Season) | From 10.04.2026 10:30 AM Upto 02.05.2026 5:30 Hrs. | 04.05.2026 at 1:00 Hrs. |

Full details of the above tenders can be seen on website **http://www.mptenders.gov.in.** Amendments to NIT, if any shall be published on website only.

**Visit us : www.mphousing.in**
**E-mail-ID : eednhbsgl@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/125274/2026
/mphidb /mphidb

**EXECUTIVE ENGINEER**
**Division Singrauli (M.P.)**
**Mob. : 9343283396**


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99